XLRI in News
December 2019

PUBLICATION: Business Standard,Hindi
DATE: 4 December 2019
EDITION: Jamshedpur
PAGE:12

अगले वर्ष से होगी एक्सएलआरआई के एनसीआर परिसर की शुरुआत

अभिषेक रक्षित

जैवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एक्सएलआरआई) अगले वर्ष से नई दिल्ली-एनसीआर स्थित अपने कैंपस में शैक्षणिक सत्र की शुरुआत करने जा रहा है। पहले चरण में संस्थान के बिजनेस प्रबंधन कार्यक्रम के लिए दो सेक्शन के लिए 60-60 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

संस्थान का नया परिसर गुरुग्राम से 25 किलोमीटर दूर झज्जर जिले के नौरंगपुर में स्थित है। यह 36.34 एकड़ भूमि में फैला है और पहले चरण में 240 छात्रों के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे को पूरा करने पर काम कर रहा है। एक्सएलआरआई एआईसीटीई प्रमाणन के लिए आवेदन करेगा जबकि नए परिसर को स्वर्ण-स्तर का हरित भवन प्रमाणन मिल गया है।

दिल्ली-एनसीआर कैंपस में भी एक्सएलआरआई-जमशेदपुर की तरह ही शिक्षण व्यवस्था एवं पाठ्यक्रम के होने की उम्मीद है और मुख्य संस्थान के प्राध्यापक भी यहां आकर कक्षाएं लेंगे। जैवियर प्रवेश परीक्षा देने वाले छात्र एक्सएलआरआई के दिल्ली-एनसीआर परिसर में प्रवेश ले सकेंगे। इसके लिए उन्हें जैट-2020 प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करते समय इसका चुनाव करना होगा।

एक्सएलआरआई के निदेशक पी क्रिस्टी ने कहा, 'आगामी भविष्य में भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है और इसके लिए बिजनेस क्षेत्र में अधिक नेतृत्वकर्ताओं की जरूरत होगी। एक्सएलआरआई ने देश में अपने विस्तार का फैसला लिया है और भारत के उत्तरी, पश्चिमी तथा दक्षिण हिस्सों में नए कैंपस स्थापित कर रहे हैं।'

झज्जर के नौरंगपुर में 36.34 एकड़ भूमि पर फैला है परिसर

साथ ही जैवियर प्रवेश परीक्षा 2020 के पंजीकरण की तिथि को बढ़ाकर 10 दिसंबर कर दिया गया है और इस वर्ष के लिए पंजीकरण में देरी पर लगने वाले शुल्क को भी हटा लिया गया है। इस साल जनवरी में जमशेदपुर में 70 साल का सफर पूरा करने के बाद एक्सएलआरआई ने आंध्र प्रदेश के अमरावती में अपने नए परिसर की आधारशिला रखी। यह परिसर 50 एकड़ में फैला है, और आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में स्थापित किया जा रहा है। यहां करीब 5,000 छात्रों को पढ़ाने की सुविधा होगी जहां प्रबंधन क्षेत्र में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इस वर्ष अक्टूबर माह में संस्थान ने 361 छात्रों के बैच में शत-प्रतिशत समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट का लक्ष्य हासिल किया और इस पूरी प्रक्रिया में 86 कंपनियां शामिल थीं। इस वर्ष समर इंटर्नशिप के लिए औसत वेतन में 12.15 प्रतिशत इजाफा हुआ और यह वर्ष 2018 के 1.07 लाख रुपये महीना से बढ़कर 1.2 लाख रुपये पर पहुंच गया। इस बार बीएफएसआई क्षेत्र ने सबसे अधिक वेतन दिया जो 2.5 लाख रुपये महीना था।

संस्थान में पहली बार आने वाली कंपनियां जैसे बेन ऐंड कंपनी, एमेजॉन, एनआईआईएफ, फोनपे, उड़ान, शेल, ओला, अदाणी, रूपेक, कॉनफेरी आदि ने भी छात्रों को नौकरी प्रस्ताव दिए। सलाहकार क्षेत्र की कंपनियों ने 16 प्रतिशत छात्रों को नौकरियां दीं तो वहीं बीएफएसआई क्षेत्र ने 40 प्रतिशत छात्रों को। 17 प्रतिशत नौकरी प्रस्ताव बिजनेस प्रबंधन क्षेत्र के छात्रों को दिए गए। दूसरे क्षेत्रों में एनालिटिक्स, उत्पाद प्रबंधन, बिजनेस डेवलपमेंट, ब्रांड मैनेजमेंट और स्ट्रेटजी शामिल रहे।

PUBLICATION: Business Standard
DATE: 4 December 2019
EDITION:All Edition
PAGE: 14

XLRI expands footprint, to open NCR campus from next year

AVISHEK RAKSHIT
Kolkata, 3 December

XLRI-Xavier School of Management has said it will start its Delhi-National Capital Region (NCR) campus from June next year. In the first phase, two sections of 60 students each for the business management programme (2020-22 batch) will be granted admission at its new campus in Jhajjar, 25 km from Gurugram.

This new state-of-the art campus, spread over 36.34 acres, is being readied to accommodate 240 students in the first phase. While XLRI-Xavier School of Management will be applying for AICTE certification, the new campus has earned a gold-level green building certification.

The New Delhi campus is expected to have the same pedagogy and curriculum as XLRI-Xavier School of Management, Jamshedpur, and the faculty from the main campus will also take classes at the new campus. Students who get through Xavier Admission Test (XAT) will be able to get admission to XLRI's Delhi-NCR campus. The choice will have to be made while applying for XAT-2020 Entrance Test.

XLRI — Xavier School of Management campus at Delhi-NCR

P Christie, director at XLRI-Xavier School of Management, said, "With India slated to become the fifth-largest economy in the world in the near future, there is a concomitant need for more business leaders. XLRI took a strategic decision to expand its footprint across the country and set up new campuses in the north, west, and southern parts of India."

The registration for XAT-2020 has been extended till December 10 and late registration fees have been waived this year.

In January this year, after 70 years of its confinement in the steel city of Jamshedpur, XLRI had laid the foundation stone for its new campus at Amaravati in Andhra Pradesh. This campus, spread across 50 acres, is being set up in the Guntur district in Andhra Pradesh and would accommodate around 5,000 students where postgraduate and undergraduate programmes in management education will be offered.

In October this year, the institute achieved 100 per cent summer internship placement for its batch of 361 students, who were inducted by 86 participating recruiters. The average stipend for the summer internship increased by 12.15 per cent this year to touch ₹1.2 lakh per month, from ₹1.07 lakh per month in 2018.

PUBLICATION: Business Standard Hindi

DATE: 19 December 2019

EDITION: All Edition

PAGE: 12

नागरिकता मामले पर आईआईटी-आईआईएम की चुप्पी

बीएस संवाददाता

जब आप बेंगलूरु में नैशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी के परिसर में प्रवेश करेंगे तब आपका सामना बड़े काले बैनर से होगा जिस पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के साथ एकजुटता का संदेश लिखा गया है। जामिया और एएमयू परिसर में पुलिस की कार्रवाई के विरोध में देश के प्रमुख संस्थानों मसलन आईआईटी, आईआईएम और आईआईएससी में इस तरह के एकता वाले संदेश दिखना अब सामान्य है। छात्र और शिक्षकों ने निजी तौर पर जामिया और एएमयू के छात्रों का समर्थन किया है हालांकि इन प्रतिष्ठित संस्थानों ने पुलिस की कार्रवाई या नागरिकता संशोधन कानून पर अपनी तरफ से कोई आधिकारिक टिप्पणी जारी नहीं की है।

बुधवार को आईआईटी छात्र परिषद ने जामिया, एएमयू और दिल्ली विश्वविद्यालय के परिसरों में हाल में हुई पुलिस की कार्रवाई की निंदा करते हुए इन विश्वविद्यालयों के छात्रों के प्रति अपनी एकजुटता जाहिर की है। आईआईटी कानपुर के छात्रों के एक समूह ने हाथों में तख्तियां लेते हुए परिसर में ही शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। हालांकि संस्थान के शिक्षकों ने इस प्रदर्शन से खुद को अलग ही रखा।

आईआईटी कानपुर के उप निदेशक मनींद्र अग्रवाल ने बताया, 'छात्रों का प्रदर्शन पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ जामिया के छात्रों के साथ अपनी एकता दर्शाने के लिए था क्योंकि उनका मानना है कि जामिया के छात्रों के साथ गलत हुआ है। इसका नागरिकता संशोधन कानून से कोई लेना-देना नहीं है।' पिछले गुरुवार को संसद में विवादास्पद नागरिकता संशोधन विधेयक पारित कराया गया था जिसके मुताबिक पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में धार्मिक प्रताड़ना के शिकार गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान है।

आईआईएम अहमदाबाद के फैकल्टी सदस्यों और छात्रों ने भी आईआईटी मद्रास, आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी बंबई, आईआईएम बेंगलूर, आईआईएम इंदौर, आईआईएम कलकत्ता, एक्सएलआईआई, जमशेदपुर और एफएमएस दिल्ली के छात्रों और फैकल्टी के साथ नए नागरिकता कानून के खिलाफ एक पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस पत्र में कहा गया, 'एक नागरिक और अकादमिक समुदाय के सदस्यों के तौर पर हम नागरिकता संशोधन कानून को लागू करने के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन दर्ज करा रहे हैं। यह कानून भेदभाव करने वाला और भारतीय संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन करने वाला है।'

PUBLICATION: Business Standard

DATE: 19 December 2019

EDITION: All Edition

PAGE: 16

Faculty and students come out in solidarity

BS REPORTERS
Bengaluru/Ahmedabad/Lucknow/Kolkata/Chennai, 18 December

When you enter the campus of National Law School of India University (NLSIU), Bengaluru, you will be welcomed with a big, black banner which says 'In solidarity with JMI and AMU'.

After the police crackdown at Jamia Millia Islamia (JMI) and Aligarh Muslim University (AMU), scenes like these have become a common sight at premier institutes such as IITs, IIMs and IISc.

While the students and faculty members have come out in support of JMI and AMU, institutions have steered clear from issuing any official comment on either the police crackdown or the Citizenship Amendment Act (CAA).

The IIT Student's Council on Wednesday came out in full strength, condemning the police action on campuses of JMI, AMU and Delhi University earlier this week.

"We, the student representatives across IITs as part of the IIT Student's Council, stand in solidarity with the students of JMI, DU and AMU in light of the extreme and continued police brutality against students of these universities," stated the IIT Student's Council. Agrawal of IIT Kanpur students, some of them holding placards or with hands raised, took out a silent march on the campus to decry the police action. However, faculty at the institute distanced themselves from the issue.

"Their (the students') protest was entirely to express solidarity with the JMI students regarding the police action, since they felt that the Jamia students had been treated unfairly. It had nothing to do with the CAA," said IIT K deputy director Manindra Agarwal.

Students shout slogans during a protest against the Citizenship Amendment Act in Kochi
PHOTO: PTI

Parliament had, on Thursday, passed the controversial Citizenship Amendment Bill, which allows people belonging to religious minority groups persecuted in Pakistan, Afghanistan and Bangladesh, to get Indian citizenship. Students from IIT Kharagpur have issued a statement expressing solidarity with those who were victims of the police crackdown but the institute clarified it should not be linked to CAA. "There has not been any protest or activity opposing the CAA or NRC," said Sriman Kumar Bhattacharya, director at IIT Kharagpur.

Faculty members and students from IIM Ahmedabad have joined their peers from IIT Madras, IIT Kharagpur, IIT Bombay, IIM Bangalore, IIM Indore, IIM Calcutta, XLRI Jamshedpur, and FMS Delhi, among others, in signing a letter protesting against the CAA.

"As citizens and members of the academic community, we write to register our protest at the recent enactment of the CAA. The Act is discriminatory and violative of the basic structure of the Indian Constitution," the letter read.

IIM A faculty member Reetika Khera, who was part of the protest, said, "Apart from questions on the CAA raised in the letter, it is distressing to see the violent response of the state to democratic dissent. Further, the National Register of Citizens (which will follow the CAA) has already been shown in Assam to be an expensive, futile exercise, with terrible human costs. It will affect all of us, but the bigger burden will fall on the poor."

NLSIU students have come up with a FAQ booklet in five languages, namely English, Kannada, Tamil, Hindi and Malayalam, explaining how CAA forms a 'sinister duo' along with the NRC.

"Any right thinking person will say it (CAA) hits right at the value this country stands for. Religion cannot be a basis for allowing a person to settle in the country," said Hamza Tariq, a fifth year law student at NLSIU.

The protests have also spilled over to the premier Indian Institute of Science (IISc), Bengaluru, with students reading the Preamble of the Constitution as a pledge to their fight against CAB and NRC. However, a faculty member clarified only 50-60 students participated in the protest compared to the 4,000 at the campus.

"There is no buzz about these things (political protests) at the campus," said the professor. The protests have crossed national boundaries and reached global institutes like Oxford, Harvard, Yale and MIT. The students and scholars at Oxford University staged a protest march to India House in London against CAA and the police action on students. Students and teachers at Columbia University in the US also issued a solidarity statement and planned a protest march.

PUBLICATION:Dainik Bhaskar,DB Star
DATE:3 December 2019
EDITION: Jamshedpur
PAGE:3

एजुकेशन: संस्थान ने जैट के लिए आवेदन करने की तिथि 10 तक बढ़ाई

एक्सएलआरआई के दिल्ली-एनसीआर कैंपस में दाखिले की प्रक्रिया शुरू, 2020 से होगी पढ़ाई

डीबी स्टार • जमशेदपुर

एक्सएलआरआई जमशेदपुर देश का पहला ऐसा संस्थान बनने जा रहा है, जो अब महानगरों में अपने कैंपस को हकीकत बनाने जा रहा है। अमूमन कोई संस्थान बड़े शहर से शुरू होकर बाद में छोटे शहर की ओर रूख करता है, लेकिन एक्सएलआरआई देश का ऐसा पहला संस्थान बनने जा रहा है जो छोटे शहर से शुरू होने के बाद अपने कैंपस को दिल्ली-एनसीआर में शुरू करने जा रहा है। यह कैंपस 2020 से शुरू होगा और इसमें दाखिला के लिए जैट के जरिए आवेदन भी आमंत्रित किए गए हैं। संस्थान के निदेशक फादर पी क्रिस्टी ने बताया कि दिल्ली कैंपस को ध्यान में रखते हुए जैट (जेवियर एडमिशन टेस्ट) के आवेदन की तिथि 10 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। दिल्ली कैंपस में पहले चरण में 120 स्टूडेंट्स का बिजनेस मैनेजमेंट प्रोग्राम में दाखिला होगा। हरियाणा के झज्जर में 36.34 एकड़ में बने इस अत्याधुनिक कैंपस में 240 विद्यार्थियों के पढ़ने की व्यवस्था होगी। कैंपस दिल्ली से 25 किमी. दूर है।

एक्सएलआरआई के दिल्ली का नया कैंपस

PUBLICATION:Dainik Bhaskar,DB Star
DATE: 6 December 2019
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 2

6 कैटेगरी में मिलेगा डिस्टिन्ग्यूइश एल्युमिनस अवॉर्ड

एक्सएलआरआई के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का जमावड़ा 14-15 दिसंबर को, देश-विदेश के 250 स्टूडेंट्स करेंगे शिरकत

सिटी रिपोर्टर • जमशेदपुर

यंग अचीवर सहित अन्य अवॉर्ड

एक्सएलआरआई के होमकमिंग-19 में छह केटेगरी में डिस्टिन्ग्यूइश एल्युमिनस अवॉर्ड दिए जाएंगे। ये अवॉर्ड लाइफटाइम एचीवमेंट, प्रेक्टिसिंग मैनेजर, एकेडमिशियन, यंग अचीवर, इंटरप्रन्योर और एलायड फिल्ड में दिए जाएंगे।

एक्सएलआरआई जमशेदपुर का सालाना होमकमिंग-19 प्रोग्राम 14-15 दिसंबर को संस्थान के टाटा ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। संस्थान के निदेशक फादर पी क्रिस्टी ने बताया कि इस होम कमिंग में दुनिया भर के 250 पूर्ववर्ती छात्र भाग लेंगे, जो शीर्ष पदों पर आसीन हैं। इस साल 1979 और 1969 बैच के एक्सएलआर होमकमिंग का हिस्सा बनेंगे और 40 और 50 साल पहले की मधुर यादों को एक दूसरे के साथ शेयर करेंगे।

बकौल फादर क्रिस्टी, एक्सएलआरआई के लिए होम कमिंग कार्यक्रम काफी खास है। 70 साल पुराने इस संस्थान के दुनिया भर में हजारों पूर्ववर्ती छात्र हैं, जो कंपनियों के शीर्ष पद पर आसीन है। संस्थान के छात्र कारपोरेट के अलावा कला, संगीत और राजनीति में भी अहम योगदान दे रहे हैं। हमारे पूर्ववर्ती छात्र टॉर्च बेयरर्स हैं, जो एक्सएलआरआई के कल्चर को आगे बढ़ा रहे हैं। वे आज के और भविष्य के विद्यार्थियों के टू रोल मॉडल हैं। उम्मीद है कि होम कमिंग प्रोग्राम में पूर्ववर्ती विद्यार्थियों से मिलकर वर्तमान छात्र न केवल प्रेरित होंगे, बल्कि दुनिया के बदलाव के वाहक बनेंगे। एक्सएलआरआई एल्युमनी के चेयरपर्सन डॉ.प्रणवेश रे ने बताया कि यह कार्यक्रम एक्सएलआरआई फैमिली के बीच के रिश्ते को और भी मजबूत बनाता है। एक्सएलआरआई एल्युमनी एसोसिएशन के नेशनल प्रेसीडेंट राणा सिन्हा ने कहा कि एक्सएलआरआई देश का सबसे पुराना बिजनेस स्कूल है, जिसके पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का नेटवर्क काफी समृद्ध है। इसके देश के विभिन्न शहरों के साथ ही विदेशों में भी चैप्टर हैं, जिसकी नियमित गेट टू गेदर होती रहती है। जमशेदपुर के अलावा चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु समेत दुबई और सिंगापुर में भी एल्युमनी एसोसिएशन है। पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने 2008 में एक्सएलआरआई इंडोवमेंट फंड का सृजन कर रखा है, जो जरूरतमंद छात्रों को पढ़ाई में मदद करता है।

PUBLICATION: Dainik Bhaskar,DB Star
DATE: 15 December 2019
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 1

जितंद्र सिंह को मिला डिस्टिंगविश एल्युमिनस लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

एक्सलर्स के लिए एल्युमिनस अवॉर्ड ऑस्कर की तरह इसे पाना यहां के हर छात्र का सपना: रणवीर सिन्हा

सिटी रिपोर्टर • जमशेदपुर

दो दिवसीय होमकमिंग-2019 एक्सएलएलआरआई के टाटा ऑडोटोरियम में हुआ शुरू

इन्हें एल्युमिनाई को मिला पुरस्कार

▪ डिस्टिंगविश एल्युमनस लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड : जितेंद्र सिंह, प्रोफेसर एमेरिटस ▪ डिस्टिंगविश एल्युमनस अवॉर्ड (प्रैक्टिसिंग मैनेजर) : कृष्ण शंकर, ग्रुप हेड : एचआरडी इन्फोसिस, प्रतीक कुमार, विप्रो के वरिष्ठ सदस्य, जुधजीत दास, मुख्य मानव संसाधन, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, रामाकृष्णन राममूर्ति पॉलीकैब इंडिया लिमिटेड ▪ डिस्टिंगविश एल्युमनस अवॉर्ड : अरिजीत विश्वास, स्क्रिप्ट राइटर ▪ डिस्टिंगविश एल्युमनस अवॉर्ड (उद्यमी) : धवल शाह, संस्थापक, फार्म ईजी ▪ डिस्टिंगविश एल्युमनस अवॉर्ड (शिक्षाविद) : डॉ. आनंद नरसिम्हन, डॉ. मदन पिल्लुतला

सम्मानित करते अतिथि।

हर एक्सलर्स के लिए एल्युमनस अवॉर्ड ऑस्कर की तरह होता है। यहां पढ़ने वाले छात्र के लिए सपना होता है कि व इस मुकाम को हासिल कर सके कि उसे एक्सएलआरआई के होमकमिंग में एल्युमनस अवॉर्ड मिले। यह बातें एक्सएलआरआई एल्युमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष राणा सिन्हा ने कहीं। एक्सएलआरआई में शनिवार से दो दिवसीय होमकमिंग-2019 के तहत शनिवार शाम को एक्सएलएलआरआई के टाटा ऑडोटोरियम में एल्युमनस अवॉर्ड समारोह में राणा सिन्हा ने कहा कि होमकमिंग में पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं का जमावड़ा घर वापसी की तरह है। इससे पहले समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर एक्सएलआरआई के निदेशक फादर पी. क्रिस्टी एसजे, एक्सएलआरआई एल्युमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष राणा सिन्हा और प्रोफेसर प्रणबेश रे ने संयुक्त रूप से किया।

समारोह में एक्सएलआरआई के निदेशक फादर पी. क्रिस्टी एसजे ने कहा कि होमकमिंग एक्सएलआरआई का सबके लिए सबसे प्रतिष्ठित है। हमारे पूर्व छात्र एक्सएल-संस्कृति के मशाल वाहक हैं और दुनिया के लिए एक्सएलआरआई के दृष्टिकोण और मिशन को ले गए हैं। वे हमारे वर्तमान और भविष्य के छात्रों के लिए सही रोल मॉडल हैं। समारोह में प्रवणेश रे ने कहा कि होमकमिंग वार्षिक समारोह है। यह घर वापस आने जैसा है। यह हमारे एक्सएल ब्रांड को मजबूत करता है। इस दौरान हम पूर्व छात्र अपने पुराने परिचितों, सहपाठियों और शिक्षकों से मिलते हैं और पुरानी यादों को ताजा करते हैं। समारोह में एक्सएलआरआई के पूर्व निदेशक फादर ई. अब्राहिम, डॉ. एके पाणि समेत कई प्रोफेसर मौजूद थे।

देश -विदेश के छात्र पहुंचे: समारोह में एल्युमनाई एसोसिएशन से जुड़े भारत के बेंगलुरु, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई और पुणे के अलावा सिंगापुर, दुबई, अमेरिका, इंग्लैड और कनाडा से कई पूर्ववती विद्यार्थी पहुंचे हैं। समारोह के दौरान डिस्टिंगविश एल्युमनस लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड जितेंद्र सिंह को मिला।

PUBLICATION:Dainik Bhaskar,DB Star
DATE:10 December 2019
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 2

मार्केटिंग फेयर इसके आधार पर दुनिया की कंपनियों ने प्रोडक्ट की लांचिंग के साथ बिजनेस स्ट्रेटजी को बनाया

एक्सएलआरआई का मैक्सी फेयर 11-12 जनवरी को, 4 कंपनियों के रिसर्च प्रॉब्लम का हिस्सा बनेंगे शहरवासी

सिटी रिपोर्टर • जमशेदपुर

देश के सबसे पुराने मार्केटिंग फेयर का शुभारंभ 1979 में प्रो. शरद सरीन ने किया

एक्सएलआरआई जमशेदपुर के मैक्सी फेयर (मार्केटिंग फेयर) में भाग लेने वाले शहरवासियों की रायशुमारी के आधार पर दुनिया की कंपनियों ने न केवल अपने प्रोडक्ट लांच किए हैं बल्कि अपनी बिजनेस स्ट्रेटजी बनाई है। संस्थान के मैक्सी कमेटी के अभिलाष नंदी ने कहा- कई ऐसी सक्सेस स्टोरी हैं, जो एक्सएलआरआई के मैक्सी फेयर को कंज्यूमर बिहेवियर की एक सफल प्रयोगशाला बताती है।

ब्रुक बांड ने मैक्सी फेयर के रिसर्च के आधार पर अपने चाय के पैक को लांच किया। नेस्ले ने मैक्सी फेयर की रायशुमारी के आधार पर अपनी बिजनेस स्ट्रेटजी को बदला, रिचर्डसन हिन्दुस्तान ने हर्बल प्रोडक्ट्स को लांच किया और रेकेट बेन्साइजर ने अपना ब्रांड एक्टिवेशन किया। बकौल नंदी, पिछले साल इस फेयर में 10 हजार लोग आए थे, जो आईटीसी, कोकाकोला और नेस्ले के दिए प्रॉब्लम के सॉल्यूशन्स देने का हिस्सा बने। इस साल भी चार कंपनियों से हमारी बात हो गई है। जैसे ही इनके साथ एमओयू साइन होगा, हम इन कंपनियों के नाम की घोषणा कर देंगे। इस बार मैक्सी फेयर 11-12 जनवरी को होगा।

1979 में प्रोफेसर शरद सरीन ने शुरू किया था: देश के इस सबसे पुराने मार्केटिंग फेयर का शुभारंभ 1979 में हुआ था। मार्केटिंग के प्रोफेसर शरद सरीन के नेतृत्व में इसका शुभारंभ हुआ था, जो आगे चलकर दुनिया भर की कंपनियों के प्रॉब्लम के समाधान का मंच बना। इस फेयर में इंडस्ट्री के प्रॉब्लम को गेम की शक्ल में पेश किया जाता है। इस गेम को

खेलने वालों का पता नहीं होता है कि वे किसी रिसर्च का हिस्सा बन रहे हैं। विभिन्न तरह के गेम और प्रश्नावली के जरिए फेयर में आने वाले लोगों की राय को जाना और समझा जाता है।

PUBLICATION: Dainik Bhaskar,DB Star

DATE: 14 December 2019

EDITION: Jamshedpur

PAGE: 1

ऊर्जा संरक्षण दिवस आज : एमजीएम कॉलेज में सोलर एनर्जी से बिल में 20 प्रतिशत की आई कमी

सौर ऊर्जा से रोशन हो रहा टाटानगर रेलवे स्टेशन, एक्सएलआरआई डीसी ऑफिस एमजीएम कॉलेज, सदर अस्पताल सहित कई संस्थान

9 कस्तूरबा में लगा है सोलर प्लेट

ललित दुबे • जमशेदपुर

पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त कार्यालय से लेकर सदर अस्पताल, बिष्टुपुर मुख्य डाकघर, एमजीएम कॉलेज समेत कई सरकारी संस्थानों में ऊर्जा के गैर परंपरागत स्त्रोत का इस्तेमाल हो रहा है। यहां सोलर रूफ टॉप के माध्यम से बिजली पैदा हो रही है। सोलर प्लेट से उत्पन्न होने वाली ऊर्जा से कुल खपत का लगभग 20 प्रतिशत हिस्से की आपूर्ति हो रही है।

एमजीएम कॉलेज में एक साल पहले ही रूफ टॉप सोलर प्लेट लगा है। एमजीएम कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एसी अखौरी ने बताया कि सोलर एनर्जी से उत्पन्न हो रही बिजली से लाईब्रेरी, प्रशासनिक भवन, प्रयोगशालाओं में खपत होती है, उन्होंने बताया कि एक वर्ष से बिजली बिल में 20 प्रतिशत की कमी आई है। कॉलेज प्रशासन सोलर प्लेट की संख्या बढ़ाने पर भी विचार कर रहा है। जिला शिक्षा विभाग के एडीपीओ पंकज कुमार ने कहा कि पिछले डेढ़ साल की बात करें तो जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) में सोलर प्लेट लगा है। इससे केजीबीवी में बिजली की आपूर्ति होती है। बिजली कट होने पर यह काफी लाभदायक साबित हो रहा है।

एमजीएम कॉलेज की छत पर लगाया गया सोलर पैनल।

इन संस्थानों में लगाया है रूफ टॉप सोलर प्लेट

- जिले के सभी कस्तूरबा गांधी विद्यालय
- एक्सएलआरआई
- खासमहल स्थित सदर अस्पताल
- एमजीएम कॉलेज
- उपायुक्त कार्यालय
- बिष्टुपुर मुख्य डाकघर
- रेलवे स्टेशन(बैटरी नहीं लगी)
- बिष्टुपुर वीमेंस कॉलेज

50% सब्सिडी देती है सरकार

घरों की छतों पर लोग सोलर पैनल लगा सकते हैं। राज्य सरकार इसके लिए 50 प्रतिशत की सब्सिडी देती है। झारखंड अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण (जरेडा) से मिली जानकारी के मुताबिक झारखंड सरकार ने सौर ऊर्जा से 3 मेगावाट को बढ़ाकर 11 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है।

सौर ऊर्जा से उत्पन्न की जाने वाली बिजली का इस्तेमाल हमारे संस्थान में बीते एक वर्ष से हो रहा है। इससे हमारे बिजली बिल पर साफ असर दिखता है। वहीं हर महीने आने वाले बिल में जबसे सोलर पैनल लगाया है तबसे 20 प्रतिशत की कमी आई है। ●

डॉ. एसी अखौरी, प्रिंसिपल, एमजीएम मेडिकल कॉलेज

PUBLICATION:Dainik Bhaskar
DATE: 20 December 2019
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 2

एक्सएलआरआई के जैट के आवेदकों का एडमिट कार्ड आज होगा अपलोड

जमशेदपुर | एक्सएलआरआई जमशेदपुर समेत देश के जेवियर संस्थानों में दाखिला के लिए 5 जनवरी को जैट-20 (जेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट) का आयोजन होगा। इस परीक्षा में शामिल होने वाले आवेदकों के एडमिट कार्ड को 20 दिसंबर को डाउनलोड कर दिया जाएगा। एक्सएलआरआई के एडमिशन विभाग के अनुसार जैट के लिए लगभग एक लाख आवेदन आए हैं, जिनके एडमिट कार्ड को 20 दिसंबर को संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। परीक्षार्थियों की प्राथमिकता के आधार पर परीक्षा केंद्र दिया गया है।

PUBLICATION:Dainik Bhaskar
DATE: 30 December 2019
EDITION: Jamshedpur
PAGE:2

परीक्षा में एक लाख से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

एक्सएलआरआई समेत 150 बी स्कूलों में दाखिले को 72 शहरों में 5 को जैट-2020

जमशेदपुर | एक्सएलआरआई समेत देशभर के 150 बी स्कूलों में दाखिले के लिए जेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट (जैट-2020) का आयोजन पांच जनवरी को होगा। प्रवेश परीक्षा देशभर के 72 परीक्षा केंद्रों पर सुबह 9.30 से दोपहर 12.30 बजे तक ऑनलाइन होगी। रिजल्ट 31 जनवरी के पहले आ जाएगा। इसके बाद ग्रुप डिस्कशन और इंटरव्यू होगा।

झज्जर कैंपस में भी होगा दाखिला

संस्थान के निदेशक फादर पी क्रिस्टी ने बताया कि इस टेस्ट को ऐसे डिजाइन किया गया है कि वह परीक्षार्थियों की लीडरशिप की परख कर सके। इस साल जैट के जरिए एक्सएलआरआई जमशेदपुर समेत एक्सएलआरआई दिल्ली में भी दाखिला होगा। एक्सएलआरआई ने अपना नया कैंपस हरियाणा के झज्जर में बनाया है।

PUBLICATION:Dainik Bhaskar,DB Star
DATE:26 December 2019
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 2

फ्लावर शो में उमड़ी लोग की भीड़।



फ्लावर शो का समापन: पहली बार आगंतुकों की संख्या हुई कम, पिछले साल के मुकाबले 20 हज़ार लोग कम आए

इंस्टीट्यूशनल कैटेगरी में एक्सएलआरआई दूसरे साल भी रहा ओवरऑल चैंपियन, इंडविजुअल में प्रमोद अव्वल

एक्सएलआरआई को कुल आठ कैटेगरी में से चार में चैम्पियन होने का मिला खिताब

सिटी रिपोर्टर • जमशेदपुर

गोपाल मैदान में बुधवार को समाप्त हुए फ्लावर शो में दूसरे साल भी संस्थागत वर्ग में देश के अग्रणी बिजनेस स्कूल एक्सएलआरआई जमशेदपुर को ओवरऑल चैंपियन का अवॉर्ड मिला। एक्सएलआरआई को कुल आठ कैटेगरी में से चार में चैम्पियन होने का खिताब मिला। डहेलिया, पोट्टेड प्लांट, सीजनल्स और कट फ्लावर्स में एक्सएलआरआई पहले स्थान पर रहा। एमेच्योर (शौकिया) वर्ग में प्रमोद सिंह ओवरआल चैंपियन रहे।

पिछले साल शौकिया वर्ग में प्रेरणा तोडी ओवरऑल चैंपियन बनी थीं। इस साल प्रमोद सिंह कुल आठ कैटेगरी में से तीन में विजेता बने। डहेलिया के साथ रोज और सीजनल्स केटेगरी में सिंह विजेता रहे। फ्लावर शो के समापन समारोह में डीसी रविशंकर शुक्ला ने विभिन्न केटेगरी के विजेताओं को पुरस्कृत किया। एमेच्योर वर्ग में किंग ऑफ द शो का अवॉर्ड सेजर (वेरायटी-एरिस्टोकेट) और क्वीन ऑफ द शो का अवॉर्ड निरंजन महतो (सीटोन्स लेस) को मिला। विग इंग्लिश स्कूल गोविंदपुर संस्थागत वर्ग में किंग ऑफ द शो और क्वीन ऑफ द शो रहा।

इस साल मेले में स्कूली विद्यार्थियों के साथ ही घर में बागवानी करने वाले लोगों के लिए तकनीक सत्र नहीं होने का पड़ा प्रभाव

प्रतिभागियों को सम्मानित करते डीसी रविशंकर शुक्ला।



पिछले साल चार दिन में 65 हजार विजिटर्स शो में आए थे

फ्लावर शो के अंतिम दिन 25 दिसंबर को क्रिसमस की छुट्टी की वजह से काफी भीड़ रही। शाम को गोपाल मैदान में पैर रखने की जगह भी नहीं थी, लेकिन पहले तीन दिन में पिछले साल के मुकाबले काफी कम भीड़ रही। पिछले साल चार दिन में 65 हजार के करीब विजिटर्स शो में आए थे, जो इस साल 45 हजार हो गए। पहला मौका है जब शो में आने वाले विजिटर्स कम हो गए। 2017 में 62 हजार, 2018 में 65 हजार और 2019 में 45 हजार लोग मेले में आए। इस साल मेले में स्कूली विद्यार्थियों के साथ ही घर में बागवानी करने वाले लोगों के लिए तकनीक सत्र नहीं होने होने का प्रभाव भी पड़ा है।

एमेच्योर में 'किंग ऑफ द शो' का अवॉर्ड सेजर व 'क्वीन ऑफ द शो' निरंजन को

क्लास	एग्जिबिट	प्रतिभागी
क्रिजैन्थेमम	एमेच्योर	सेजर
	इन्स्टीट्यूशन	विग इंग्लिश स्कूल
डहेलिया	एमेच्योर	सेजर
	इन्स्टीट्यूशन	एक्सएलआरआई
पोट्टेड प्लांट्स	एमेच्योर	प्रमोद सिंह
	इन्स्टीट्यूशन	एक्सएलआरआई
बोन्साई	एमेच्योर	भोवेश मंडल
	इन्स्टीट्यूशन	मेसर्स वोर्ना स्टोर
पोट्टेड फ्रूट्स एंड वेजेटेबल्स	एमेच्योर	सेजर
	इन्स्टीट्यूशन	टीआरएफ
रोज (गुलाब)	एमेच्योर	प्रमोद सिंह
	इन्स्टीट्यूशन	गंगा रिजेन्सी
सीजनल्स	एमेच्योर	प्रमोद सिंह
	इन्स्टीट्यूशन	एक्सएलआरआई
कट फ्लावर्स	एमेच्योर	चंदन दलाल
	इन्स्टीट्यूशन	एक्सएलआरआई

PUBLICATION: Dainik Jagran, Jagran City

DATE: 15 December 2019

EDITION: Jamshedpur

PAGE: 1

जितेंद्र को लाइफटाइम अचीवमेंट अलुमिनस अवार्ड

जासं, जमशेदपुर : जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट - एक्सएलआरआइ में पूर्ववर्ती छात्रों के सबसे बड़े समागम एनुअल अलुमनी होमकमिंग- 2019 का दो दिवसीय आयोजन शनिवार को शुरू हुआ। पहले दिन का मुख्य आकर्षण डिस्टिंग्विश अलुमनी अवार्ड समारोह का रहा। इसके तहत संस्थान के नौ पूर्ववर्ती छात्रों को अलग-अलग पांच श्रेणियों में विभिन्न अवार्ड प्रदान किए गए। ये सभी अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता दर्ज कर रहे हैं। इस बार लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रोफेसर जितेंद्र सिंह को दिया गया। वे एक्सएलआरआइ में पर्सनल मैनेजमेंट एंड इंडस्ट्रियल रिलेशन (पीएमआइआर 1970) बैच के छात्र रहे हैं।

चार पूर्व छात्रों को प्रैक्टिसिंग मैनेजर अवार्ड: इस बार प्रैक्टिसिंग मैनेजर श्रेणी में चार पूर्ववर्ती छात्रों को सम्मानित किया गया। इनमें इंफोसिस में एचआरडी के ग्रुप हेड कृष शंकर (पीएमआइआर 1984), विप्रो में सीनियर लीडरशिप टीम के सदस्य प्रतीक कुमार (पीएमआइआर 1988), आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियम में मानव संसाधन प्रमुख जुधाजित दास (पीएमआइआर 1995) व पॉलीकैब इंडिया लिमिटेड के चीफ एक्जीक्यूटिव रमाकृष्णना राममूर्ति (बिजनेस मैनेजमेंट 1982) शामिल हैं।

अलाइड फील्ड श्रेणी में पटकथा लेखक अरिजीत विश्वास (पीएमआइआर 1991), इंटरप्रेन्योर श्रेणी में फार्म इजी के संस्थापक धवल शाह (एचआरएम 2014), एकेडमिशियन श्रेणी में लंदन बिजनेस स्कूल के फैकल्टी डॉ. मदन पिलुतला (पीएमआइआर 1991) को अलुमिनस अवार्ड से नवाजा गया।

प्रो. जितेंद्र सिंह को अवार्ड प्रदान करते एक्सएलआरआइ के निदेशक फादर पी क्रिस्टी साथ में राणा सिन्हा (बीच में) व डा. प्रणवेश रे बायें व स्वागत गान प्रस्तुत करते कलाकार ● जागरण

सर्वाधिक सक्रिय संस्था एक्सएलआरआइ एलुमनी एसोसिएशन : राणा सिन्हा

इस मौके पर अपने संबोधन में एक्सएलआरआइ एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष राणा सिन्हा ने कहा कि भारत के बिजनेस स्कूलों में सर्वाधिक सक्रिय सदस्यों की संस्था है एक्सएलआरआइ एलुमनी एसोसिएशन। प्रत्येक साल भारत व दूसरे देशों के विभिन्न शहरों में पूर्ववर्ती छात्रों का समागम होता रहता है। इस साल अलुमनी समर मीट का आयोजन चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई, पुणे, बेंगलुरू के अलावा दुबई व सिंगापुर में किया गया। पूर्व के वर्षों में इस तरह के आयोजन यूएसए, दुबई, टोरंटो में कराए जा चुके हैं। 2008 में एक्सएलआरआइ इंडोवमेंट फंड (एक्सइएफ) की स्थापना की गई।

एनुअल अलुमनी होमकमिंग- 2019 में विद्यार्थियों ने अपनी कला से लोगों को रू-ब-रू करया ● जागरण

यादें ताजा

- एक्सएलआरआइ में शुरू हुआ पूर्ववर्ती छात्रों का समागम एनुअल होमकमिंग
- अलुमिनस अवार्ड से नवाजी गई पांच श्रेणियों में कुल नौ हस्तियां

2008

में एक्सएलआरआइ इंडोवमेंट फंड की हुई थी स्थापना, विदेशों में भी हुए हैं कार्यक्रम

1979 बैच का 40वां व 1969 का 50वां रियूनियन

संस्थान में इस तरह का यह 17वां आयोजन है। हर साल पूर्ववर्ती छात्रों के किसी खास बैच के छात्र-छात्राओं के पुनर्मिलन का आयोजन किया जाता है। एनुअल होमकमिंग 2019 के तहत एक्सएलआरआइ के 1979 बैच के लिए 40वां जबकि 1969 बैच के लिए 50वां रियूनियन है। इन दोनों बैच में छात्र बड़ी संख्या में इस बार के आयोजन की शोभा बढ़ा रहे हैं। कुल मिलाकर करीब ढाई सौ पूर्व छात्र इस बार मिलन समारोह के लिए जुटे हैं जिसमें 1971 बैच के छात्र भी हैं।

वर्तमान और भविष्य के छात्रों के लिए रोल मॉडल हैं पूर्ववर्ती छात्र : निदेशक

टाटा ऑडिटोरियम में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एक्सएलआरआइ के निदेशक फादर पी क्रिस्टी ने कहा कि एनुअल होमकमिंग एक्सएलआरआइ का सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में एक है। हमारे पूर्व छात्र एक्सएल कल्चर के वाहक हैं। साथ ही वर्तमान व भविष्य के छात्रों के लिए ये एक रोल मॉडल हैं। एनुअल होमकमिंग में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किए गए जितेंद्र सिंह के नाम शिक्षाविद व एचआर लीडर के रूप में कई उपलब्धियां दर्ज हैं।

PUBLICATION:Dainik Jagran
DATE: 3 December 2019
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 2

एक्सएलआरआइ के दिल्ली-एनसीआर कैंपस का पहला सत्र 2020 से

जासं, जमशेदपुर : जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट - एक्सएलआरआइ का दिल्ली-एनसीआर कैंपस बनकर तैयार हो चुका है। यहां अकादमिक सत्र 2020- 2022 के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यानी 2020 से एक्सएलआरआइ के दिल्ली-एनसीआर कैंपस में पहले बैच की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। संस्थान से मिली जानकारी के अनुसार पहले चरण में कुल दो सेक्शन में पढ़ाई शुरू होगी। फिलहाल पहला बैच बिजनेस मैनेजमेंट प्रोग्राम पाठयक्रम के लिए 2020-2022 का होगा।

PUBLICATION:Dainik Jagran
DATE:13 December 2019
EDITION: Jamshedpur
PAGE:17

एनुअल होमकमिंग 14 से, 11 श्रेणियों में दिए जाएंगे एलुमिनस अवार्ड

जासं, जमशेदपुर : जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट - एक्सएलआरआइ के पूर्व छात्रों के सबसे बड़े आयोजन एनुअल होमकमिंग 2019 का आयोजन आगामी 14 दिसंबर से किया जाएगा। दो दिवसीय इस आयोजन के लिए पूर्व छात्रों की जुटान 13 दिसंबर की शाम से ही शुरू हो जाएगी। वहीं एलुमिनस अवार्ड का आयोजन 14 दिसंबर को किया जाएगा। एक्सएलआरआइ के एनुअल होमकमिंग 2019 में ढाई सौ से अधिक पूर्व छात्रों की जुटान होगी। 14 को सुबह 9.15 बजे से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। पूर्ववर्ती छात्रों के लिए स्वागत संबोधन एक्सएलआरआइ एलुमनी एसोसिएशन के चेयरमैन राणा सिन्हा करेंगे। इसके बाद संस्थान के निदेशक फादर पी क्रिस्टी का प्रेजेंटेशन होगा। दूसरी पाली में विभिन्न विषयों पर पैनल डिस्कशन का आयोजन किया जाएगा। एलमुनी अवार्ड सेरेमनी के बाद शाम को एक्सएल बैंड की प्रस्तुति होगी।

PUBLICATION:Dainik Jagran
DATE:26 December 2019
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 17

फ्लावर शो के अंतिम दिन उमड़ी भीड़, एक्सएलआरआइ लगातार दूसरे साल बना ओवरऑल चैंपियन

फूलों से खिली लौहनगरी, 35 हजार लोगों ने किया दीदार

बुधवार को बिष्टुपुर गोपाल मैदान में फ्लावर शो में सम्मान पाने वाले लोग • जागरण

जागरण संवाददाता, जमशेदपुर : देश-विदेश से आए रंग-बिरंगे फूलों से बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान खिल रहा था। फ्लावर शो के अंतिम दिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों ने परिवार समेत जहां फूलों की महक से खुद को महकाया, वहीं कई प्रकार के व्यंजनों का भी स्वाद चखा।

क्रिसमस की छुट्टी होने की वजह से बुधवार की सुबह से ही लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर शाम तक चला। यहां लोग पूरी तरह से छुट्टी की मस्ती डूबे रहे। कोई सेल्फी लेने में मशगूल था तो कोई फूलों की प्रजातियों व उनकी देखभाल आदि के बारे में जानकारी हासिल करने में व्यस्त था। जमशेदपुर हॉर्टिकल्चर सोसाइटी द्वारा आयोजित चार दिवसीय 31वें फ्लावर शो में करीब 35 हजार लोगों ने दीदार किया। कार्यक्रम के समापन के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिले के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला उपस्थित थे। उन्होंने फ्लावर शो की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्राकृतिक से प्रेम तथा जुड़ाव हर किसी को होनी चाहिए। धरती को हरे-भरे तथा सुरक्षित रखने के लिए हम सभी को आगे आने चाहिए। फूल-पौधे हम सभी के जीवन में खुशियां तथा तनाव को दूर करने का काम करते हैं। इस अवसर पर जमशेदपुर हॉर्टिकल्चर सोसाइटी के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार श्रीवास्तव, महासचिव अनिल कुमार जयसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

फ्लावर शो के बाद आयोजित सम्मान समारोह में शामिल लोग

फ्लावर शो के समापन अवसर पर सेल्फी लेती युवती • जागरण

'हरियाली से दोस्ती-प्रदूषण से मुक्ति' के बारे में लोगों ने समझा

'हरियाली से दोस्ती प्रदूषण से मुक्ति' की थीम पर गोपाल मैदान में फूलों की बगिया सजाई गई थी। समापन समारोह में ओवरऑल चैंपियनशिप (संस्थान) श्रेणी में लगातार दूसरे साल एक्सएलआरआइ जबकि शौकिया श्रेणी में प्रमोद सिंह विजेता बने। इसके साथ ही गुलदाउदी, डहलिया, पॉटेट प्लांट, बोनसाई, पॉटेट फ्रूट एंड वेजीटेबल, रोज, मौसमी, कट फ्लावर श्रेणी सहित बेहतर डिस्प्ले के लिए शौकिया और संस्थान श्रेणी के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। फ्लावर शो में कुल 51 व्यक्तिगत तथा 22 संस्थान के लोगों ने भाग लिया। प्रतियोगिता विभिन्न श्रेणियों में आयोजित की गई थी। इसमें व्यक्तिगत तथा संस्थान दो भागों में बांटा गया था।

फ्लावर शो के ये बने विजेता

- गुलदाउदी : शौकिया-साइजर। संस्थान-विग इंगलिश स्कूल।
- डहलिया : शौकिया-साइजर। संस्थान-एक्सएलआरआइ।
- पॉटेट प्लांट : शौकिया-प्रमोद सिंह। संस्थान-एक्सएलआरआइ।
- बोनसाई : शौकिया-भोवेश मंडल। संस्थान-मैसर्स बोना स्टोर।
- पॉटेट फ्रूट एंड वेजीटेबल : शौकिया-साइजर। संस्थान-टीआरएल।
- गुलाब : शौकिया-प्रमोद सिंह। संस्थान-गंगा रेजेंसी।
- मौसमी फूल : शौकिया-प्रमोद सिंह। संस्थान-एक्सएलआरआइ।
- कट फ्लावर : शौकिया-चंदन दलाल। संस्थान-एक्सएलआरआइ।
- बेस्ट डिस्प्ले : शौकिया-विनय आहूजा। संस्थान-उत्कल ऑटो मोबाइल। आउट स्टेशन संस्थान-टाटा स्टील कलिंगानगर।
- बेस्ट डिस्प्ले (नर्सरी स्टॉल) : पांडा नर्सरी।
- किंग ऑफ द शो (संस्थान) लेडिस च्वाइस : विग इंगलिश स्कूल।
- किंग ऑफ द शो (संस्थान) डायमंड जुबिली : विग इंगलिश स्कूल।
- किंग ऑफ द शो (शौकिया) एरिस्टोक्रैट : साइजर।
- क्वीन ऑफ द शो (शौकिया) सीजन्स लेस : निरंजन महतो।

फ्लावर शो के बुधवार को समापन समारोह के दौरान मस्ती करते बच्चे • जागरण

PUBLICATION: Deccan Herald
DATE: 5 December 2019
EDITION: Bangalore
PAGE:17

Business management programme

Xavier School of Management announces Business Management programme at its Delhi-NCR Campus. The last date to apply for the test is December 10. For more details, log on to www.xlri.ac.in.

PUBLICATION: Hindustan

DATE: 15 December 2019

EDITION: Jamshedpur

PAGE: 4

होमकमिंग 2019 : एक्सएलआरआई में पूर्व छात्रों को किया गया पुरस्कृत, बोले फादर पी क्रिस्टी एसजे

भावी मैनेजरों के लिए रोल मॉडल हैं पूर्व छात्र

जमशेदपुर | संवाददाता





एक्सएलआरआई के टाटा ऑडिटोरियम में एलुमनी अवार्ड समारोह में प्रस्तुति देते छात्र। इस दौरान पूर्व छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

एक्सएलआरआई के पूर्व छात्रों ने संस्थान का परचम पूरे विश्व में लहराया है। सभी ने देश तथा विदेश के विभिन्न क्षेत्रों में नाम किया है। वे हमारे वर्तमान और भविष्य के छात्रों के लिए सही रोल मॉडल हैं तथा उन्हें अपनी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं।

ये बातें एक्सएलआरआई के फादर पी क्रिस्टी एसजे ने शनिवार को टाटा ऑडिटोरियम में शनिवार को आयोजित एलुमनी अवार्ड समारोह में कहीं। एक्सएलआरआई में पूर्व छात्रों के लिए दो दिवसीय एलुमनी होमकमिंग 2019 समारोह का आयोजन किया जा रहा है। एक्सएलआरआई इस साल 17वां जश्न मना रहा है। कार्यक्रम में एक्सएलआरआई के 250 से अधिक पूर्व छात्रों ने हिस्सा लिया। संस्थान की ओर से 9 पूर्व छात्रों को 5 श्रेणियों में विशिष्ट पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में एक्सएलआरआई एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष राणा सिन्हा तथा प्रो. प्रणवेश रे, अध्यक्ष, पूर्व छात्र, एक्सएलआरआई उपस्थित थे। 1979 तथा 1969 बैच के छात्रों ने हिस्सा लिया। साथ ही सभी छात्र एक दूसरे के साथ गेट टुगेदर किया। इसके अलावा कुछ छात्र 1971 के बैच के भी शामिल थे।

ये हुए पुरस्कृत : संस्थान की ओर से 5 श्रेणियों में 9 पूर्व छात्रों को विशिष्ट छात्र पुरस्कार दिया गया। इनमें जितेंद्र सिंह, प्रोफेसर एमेरिटस (एक्सएलआरआर जमशेदपुर, पीएमआईआर-1971 को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया। वहीं, कृष्ण शंकर, ग्रुप हेड - एचआरडी इंफोसिस (पीएमआईआर-1984) तथा प्रतीक कुमार, सीनियर लीडरशिप टीम के सदस्य, विप्रो (पीएमआईआर- 1988), जूधजीत दास, मुख्य मानव संसाधन, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल (पीएमआईआर- 1995), रामकृष्णन राममूर्ति मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पॉलीकैब इंडिया लिमिटेड (बीएम-1982) को प्रैक्टिसिंग मैनेजर का पुरस्कार दिया गया। अर्जित विश्वास पटकथा लेखक (पीएमआईआर - 1991) को संबद्ध क्षेत्र का पुरस्कार मिला। धवल शाह, संस्थापक, फेम ईजी को (एचआरएम 2014) को उद्यमी पुरस्कार मिला। डॉ. आनंद नरसिम्हन, डीन (संकाय और अनुसंधान), आईएमडी (पीएमआईआर-1991 तथा डॉ. मदन पिल्लुटला, संकाय, लंदन बिजनेस स्कूल, (पीएमआईआर-1991 को शिक्षाविद् के लिए पुरस्कार दिया गया।

PUBLICATION:Hindustan
DATE:26 December 2019
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 4

प्रकृति से सभी को प्रेम और जुड़ाव होना चाहिए : उपायुक्त

जमशेदपुर | संवाददाता

फ्लावर शो अपने आप में काफी बड़ा आयोजन है। प्रकृति से प्रेम तथा जुड़ाव सभी लोगों को होना चाहिए। धरती को हरा-भरा तथा सुरक्षित रखने के लिए हम सभी को आगे आने चाहिए। फूल-पौधे हम सभी के जीवन में खुशियां लाते हैं और तनाव दूर करते हैं।

यह बातें उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने हार्टिकल्चर सोसाइटी की ओर से आयोजित 31वें वार्षिक फ्लावर शो के समापन समारोह में बुधवार को कहीं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने फ्लॉवर शो में हुई प्रतियोगिताओं के व्यक्तिगत और संस्थानों के विजेताओं को पुरस्कृत किया। गुलदाउदी की व्यक्तिगत श्रेणी में सेजर तथा संस्थान में विग इंग्लिश स्कूल को पुरस्कार दिया गया। वहीं डहलिया फूल की श्रेणी में व्यक्तिगत सेजर तथा

फ्लावर शो का समापन

- ओवरऑल चैंपियन प्रमोद सिंह और एक्सआलआरआई बने
- 51 व्यक्तिगत तथा 22 संस्थानों ने लिया फ्लावर शो में हिस्सा

संस्थान एक्सएलआरआई, पॉटेड प्लांट्स श्रेणी में व्यक्तिगत प्रमोद सिंह तथा संस्थान के लिए एक्सएलआरआई, बोनसाई श्रेणी में व्यक्तिगत भावेश मंडल तथा संस्थान में बोरना स्टोर्स, पॉटेड फ्रूट्स तथा वेजेटेबल श्रेणी में व्यक्तिगत सेजर तथा संस्थान टीआरएफ, गुलाब फूल की श्रेणी में व्यक्तिगत प्रमोद सिंह तथा संस्थान होटल गंगा रीजेंसी, सीजनल्स श्रेणी में व्यक्तिगत प्रमोद सिंह तथा संस्थान एक्सएलआरआई, कट फ्लावर श्रेणी में व्यक्तिगत चंदन दलाल तथा



फ्लावर शो के समापन समारोह में बुधवार को गोपाल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागी अतिथियों के साथ। ● हिन्दुस्तान

संस्थान एक्सएलआरआई, बेस्ट डिस्प्ले श्रेणी में व्यक्तिगत विनय आहूजा, संस्थान उत्कल ऑटोमोबाइल, वहीं इस श्रेणी के लिए बाहर के संस्थान टाटा स्टील कलिंगानगर को पुरस्कार दिया दिया। बेस्ट डिस्प्ले नर्सरी श्रेणी में पंडा नर्सरी को पुरस्कार दिया गया। किंग ऑफ द शो, संस्थान के लिए (महिलाओं की पसंद में तथा डाइमंड जुबली श्रेणी में) विग इंग्लिश स्कूल को पुरस्कार दिया गया। क्वीन ऑफ द शो, व्यक्तिगत (ऐरिस्टोकेट श्रेणी में सीजर तथा सिटॉन्स लेश श्रेणी में निरंजन महतो को पुरस्कार दिया गया। ओवरऑल चैंपियन में व्यक्तिगत प्रमोद सिंह तथा संस्थान में एक्सआलआरआई को पुरस्कार दिया गया। उपायुक्त ने फैक्लटी को भी पुरस्कृत किया। इनमें दिल्ली से आये इफ्को के असिस्टेंट मैनेजर रवि रतन समेत एसबी मंडल, धनंजय चौबे तथा शंकर शरखेल शामिल थे। फ्लावर शो में 51 व्यक्तिगत तथा 22 संस्थान ने हिस्सा लिया था।

PUBLICATION:Hindustan
DATE: 16 December 2019
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 4

एक्सएलआरआर के पूर्व छात्रों ने खेल में बहाया पसीना

जमशेदपुर। एक्सएलआरआई में चल रहे दो दिवसीय एलुमनी होमकमिंग 2019 समारोह के दूसरे दिन रविवार को पूर्व छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने गोल्फ, क्रिकेट, बास्केटबॉल में जमकर पसीना बहाया। साथ ही कुछ छात्रों ने कैरम बोर्ड का आनंद लिया। इस अवसर पर पूर्व छात्र एक दूसरे के साथ खेल में हिस्सा लेकर वर्षों पुरानी यादें ताजा करते रहे। इस दौरान नए छात्रों ने अपने सीनियर छात्रों का बखूबी साथ निभाया। इस अवसर पर सभी पूर्व छात्रों ने वर्तमान के नए छात्रों के साथ फोटो भी खिंचवाए।

PUBLICATION:Inext
DATE:13 December 2019
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 4

एक्सएलआरआइ में होमकमिंग 14 से

JAMSHEDPUR (12 Dec, JNN) : जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एक्सएलआरआइ) के पूर्व छात्रों के सबसे बड़े आयोजन एनुअल होमकमिंग 2019 का आयोजन आगामी 14 दिसंबर से किया जाएगा. दो दिवसीय इस आयोजन के लिए पूर्व छात्रों की जुटान 13 दिसंबर की शाम से ही शुरू हो जाएगी. वहीं एलुमिनस अवार्ड का आयोजन 14 दिसंबर को किया जाएगा.

11 श्रेणियों में दिए जाएंगे एलुमिनस अवार्ड

ढाई सौ से अधिक पूर्व छात्र जुटेंगे

एक्सएलआरआइ के एनुअल होमकमिंग 2019 में ढाई सौ से अधिक पूर्व छात्रों की जुटान होगी. 14 को सुबह 9.15 बजे से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा. पूर्ववर्ती छात्रों के लिए स्वागत संबोधन एक्सएलआरआइ एलुमनी एसोसिएशन के चेयरमैन राणा सिन्हा करेंगे. इसके बाद संस्थान के निदेशक फादर पी क्रिस्टी का प्रेजेंटेशन होगा. दूसरी पाली में विभिन्न विषयों पर पैनल डिस्कशन का आयोजन किया जाएगा. एलमुनी अवार्ड सेरेमनी के बाद शाम को एक्सएल बैंड की प्रस्तुति होगी. वहीं दूसरे दिन गोल्फ प्रतियोगिता, क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांच का मजा पूववर्ती छात्र लेंगे. शाम को एक गेट टूगेदर होगा जिसमें पूर्व छात्र एक-दूसरे के साथ मिलकर संस्थान में बिताए गए दिनों की यादें साझा करेंगे.

कुल दस श्रेणियों में अवार्ड

पहले दिन का मुख्य आकर्षण एलुमनी अवार्ड सेरेमनी होगी. इस बार कुल दस श्रेणियों में एलुमनी अवार्ड दिए जाएंगे. इनमें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, प्रैक्टिसिंग मैनेजर अवार्ड, एकेडमिशियन अवार्ड, यंग अचीवर अवार्ड, एंटरप्रेन्योर अवार्ड व अलाइड फील्ड अवार्ड शामिल हैं.

PUBLICATION:Inext
DATE:26 December 2019
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 4

लंबे समय तक जेहन में रहेगी फूलों की खुशबू

फ्लावर शो के अंतिम दिन उमड़ी भीड़, एक्सएलआरआइ लगातार दूसरे साल बना ओवरऑल चैंपियन

JAMSHEDPUR (25 Dec, JNN) : देश-विदेश से आए रंग-बिरंगे फूलों से बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान खिल रहा था. फ्लावर शो के अंतिम दिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचे. लोगों ने परिवार समेत जहां फूलों की महक से खुद को महकाया, वहीं कई प्रकार के व्यंजनों का भी स्वाद चखा.

क्रिसमस की छुट्टी होने की वजह से बुधवार की सुबह से ही लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर शाम तक चला. यहां लोग पूरी तरह से छुट्टी की मस्ती डूबे रहे. कोई सेल्फी लेने में मशगूल था तो कोई फूलों की प्रजातियों व उनकी देखभाल आदि के बारे में जानकारी हासिल करने में व्यस्त था. जमशेदपुर हॉर्टिकल्चर सोसाइटी द्वारा आयोजित 31वें फ्लावर शो में करीब 35 हजार लोगों ने दीदार किया.

डीसी ने की प्रशंसा

कार्यक्रम के समापन के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिले के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला उपस्थित थे. उन्होंने फ्लावर शो की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्राकृतिक से प्रेम तथा जुड़ाव हर किसी को होनी चाहिए. धरती को हरे-भरे तथा सुरक्षित रखने के लिए हम सभी को आगे आने चाहिए.

फ्लावर शो के विनर्स को डीसी ने सम्मानित किया.

सजी थी फूलों की बगिया

'हरियाली से दोस्ती प्रदूषण से मुक्ति' की थीम पर गोपाल मैदान में फूलों की बगिया सजाई गई थी. समापन समारोह में ओवरऑल चैंपियनशिप (संस्थान) श्रेणी में लगातार दूसरे साल एक्सएलआरआइ जबकि शौकिया श्रेणी में प्रमोद सिंह विजेता बने. इसके साथ ही गुलदाउदी, डहलिया, पॉटेट प्लांट, बोनसाई, पॉटेट फ्रूट एंड वेजिटेबल, रोज, मौसमी, कट फ्लावर श्रेणी सहित बेहतर डिस्प्ले के लिए शौकिया और संस्थान श्रेणी के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. फ्लावर शो में कुल 51 व्यक्तिगत तथा 22 संस्थान के लोगों ने भाग लिया.

फूलों की बगिया में उमड़ी लोगों की भीड़.

फ्लावर शो में खूब हुई खरीदारी.

ये रहे विनर्स

- गुलदाउदी : शौकिया-साइजर, संस्थान-बिग इंगलिश स्कूल.
- डहलिया : शौकिया-साइजर, संस्थान-एक्सएलआरआइ.
- पॉटेट प्लांट : शौकिया-प्रमोद सिंह. संस्थान-एक्सएलआरआइ.
- बोनसाई : शौकिया-भोवेश मंडल, संस्थान-मेसर्स बोर्ना स्टोर.
- पॉटेट फ्रूट एंड वेजीटेबल : शौकिया-साइजर, संस्थान-टीआरएफ.
- गुलाब : शौकिया-प्रमोद सिंह, संस्थान-गंगा रेजेंसी.
- मौसमी फूल : शौकिया-प्रमोद सिंह, संस्थान-एक्सएलआरआइ.
- कट फ्लावर : शौकिया-चंदन दलाल, संस्थान-एक्सएलआरआइ.
- बेस्ट डिस्प्ले : शौकिया-विनय आहूजा, संस्थान-उत्कल ऑटो मोबाइल, आउट स्टेशन संस्थान-टाटा स्टील कलिंगानगर.
- बेस्ट डिस्प्ले (नर्सरी स्टॉल) : पांडा नर्सरी.
- किंग ऑफ द शो (संस्थान) लेडिस च्वाइस : बिग इंगलिश स्कूल.
- किंग ऑफ द शो (संस्थान) डायमंड जुबिली : बिग इंगलिश स्कूल.
- किंग ऑफ द शो (शौकिया) एरिस्टोक्रैट : साइजर.
- क्वीन ऑफ द शो (शौकिया) सीजन्स लेस : निरंजन महतो.

PUBLICATION:Khabar Mantra
DATE:13 December 2019
EDITION: Jamshedpur
PAGE:4

एक्सएलआरआई : पूर्ववर्ती छात्रों का जमावड़ा कल से

जमशेदपुर। जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट-एक्सएलआरआइ के पूर्व छात्रों के सबसे बड़े आयोजन एनुअल होमकमिंग 2019 का आयोजन आगामी 14 दिसंबर से किया जाएगा। दो दिवसीय इस आयोजन के लिए पूर्व छात्रों की जुटान 13 दिसंबर की शाम से ही शुरू हो जाएगी। वहीं एलुमिनस अवार्ड का आयोजन 14 दिसंबर से संस्थान मे किया जाएगा। एक्सएलआरआइ के एनुअल होमकमिंग 2019 में ढाई सौ से अधिक पूर्व छात्रों की जुटान होगी। 14 को सुबह 9.15 बजे से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। स्वागत संबोधन एक्सएलआरआइ एलुमनी एसोसिएशन के चेयरमैन राणा सिन्हा करेंगे।

PUBLICATION:Khabar Mantra
DATE: 15 December 2019
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 3

होम कमिंग 2019 के बहाने एक्सएलआरआई में पूर्ववर्ती छात्रों का जुटान

➲ डॉ जितेंद्र सिंह को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड, कई अन्य सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। एक्सएलआरआई (ज़ेवियर स्कूल आफ मैनेजमेंट) ने आज अपने पूर्ववर्ती छात्रों के एजुअल इवेंट होम कमिंग 2019 शनिवार को शुरु हुआ। 250 से अधिक पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं यहां जूट कर अपनी पुरानी यादें ताजी कर रहे हैं बल्कि अपने पुराने मित्रों से मिल कर खुशी का अनुभव कर रहे हैं। इनमें से कई ने कैंपस को घुमा और एक्सएलआरआई में हुए विस्तार एवं विकास को सराहा और गर्व किया। होम कमिंग में आये पूर्ववर्ती छात्रों में कई दुनिया की नामी कंपनियों को नेतृत्व दे रहे

मिलन समारोह का उद्घाटन करते बायें से डॉ प्रणवेश राय, फादर क्रिस्टी और साथ में रणवीर सिन्हा।

एक पूर्ववर्ती छात्र को सम्मानित करते फादर क्रिस्टी।

हैं और उनके नीति-निर्धारण में सीधे योगदान दे रहे हैं तो कई ने उद्यमिता के क्षेत्र में तो कई ने बिजनेस एजूकेशन के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनायी है।

एनुअल एलुमनाई होमकमिंग 2019 'का दो दिवसीय उत्सव 14 -15 दिसंबर, 2019 को आयोजित किया जा रहा है। इस साल 17 वें वर्ष के लिए वार्षिक घर वापसी का जश्न मना रहा है। इस वर्ष जमशेदपुर के कैंपस में आयोजित 250 से अधिक पूर्व छात्रों ने घर वापसी में भाग लिया। वार्षिक एलुमनी होमकमिंग, विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार समारोह 'का मुख्य आकर्षण आज टाटा आडिटोरियम में आयोजित किया गया। फादर पी क्रिस्टी एसजे, निदेशक, एक्सएलआरआई; एक्सएलआरआई एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष राणा सिन्हा और प्रो प्रणबेश रे, अध्यक्ष, पूर्व छात्र, एक्सएलआरआई भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस वर्ष के घर वापसी ने 1979 और 1969 के बैचों के पुनर्मिलन को देखा और क्रमशः अपने 40 वें और 50 वें घर वापसी वर्ष का जश्न मनाते हैं। 1971 के बैच के कई पूर्व छात्रों ने भी इस समारोह में भाग लिया। वार्षिक पूर्व छात्र घर वापसी पर टिप्पणी करते हुए, एक्सएलआरआई के निदेशक पी क्रिस्टी एसजे ने कहा, वार्षिक घर वापसी के लिए सबसे प्रतिष्ठित और महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक है।

फ्लावर शो में एक्सएलआरआई व प्रमोद बने ओरवऑल चैंपियन

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। हॉर्टिकल्चरल सोसायटी की ओर से आयोजित चार दिवसीय फ्लावर शो का बुधवार की शाम समापन हुआ। गोपाल मैदान में आयोजित फ्लावर शो में आमेचर्स में प्रमोद सिंह व इंस्टीट्यूशन में एक्सएलआरआई ओवरऑल चैंपियनशिप बने। उपायुक्त रविकांत शुक्ला ने विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। हॉर्टिकल्चरल सोसायटी की ओर से गोपाल मैदान में चल रहे चार दिवसीय फ्लावर शो में लोगों की काफी भीड़ उमड़ी। अलग-अलग कैटेगरी के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आमेचर्स में ओवरऑल चैंपियनशिप प्रमोद सिंह व इंस्टीट्यूशन में एक्सएलआरआई ओवरऑल चैंपियनशिप बने। आमेचर्स में साइजर एरिस्टोकेट वेरायजी के किंग ऑफ शो बने जबकि सीटऑनलेक में निरंजन महतो क्वीन

ऑफ शो बने। उसी तरह इंस्टीट्यूशन में विग इंगलिश स्कूल व इसी स्कूल के लेडीज च्वाइश में किंग ऑफ शो२ व क्वीन ऑफ शो बने। बेस्ट डिस्प्ले एक्जीविशन व बेस्ट डिस्प्ये नर्सरी स्टॉल पांडा नर्सरी बना. आमेचर्स में बेस्ट डिस्प्ले एक्जीविशन में विनय अहूजा, इंस्टीट्यूशन में बेस्ट डिस्प्ले उत्कल ऑटो मोबाइल व इंस्टीट्यूशन आउट स्टेशन में टाटा स्टील कलिंगानगर

PUBLICATION: Mail Today

DATE: 17 December 2019

EDITION:New Delhi

PAGE:22,23

XLRI campus to come up near Delhi

By **Smitha Verma**

